राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन

रजि. कार्यालयः गाँधी ब्लॉक, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर
फोन नः 0141–2228060–61, फैक्स नः 0141–2228065
ई–मेल : edf-rmsc-rj@nic.in
CIN: U24232RJ2011SGC035067
Website : www.rmsc.nic

क्रमांक : एफ. 3( )/आरएमएससी/वित्त/2015/ 2369
दिनांक : 18/12/2015

प्रभारी अधिकारी
जिला औषधि भण्डार गृह/
मेडिकल कॉलेज औषधि भण्डार गृह,
राजस्थान (समस्त)।

विषयः-- व्यय वाउचर समय पर प्रेषित करने के क्रम में ।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत गत वर्षों के निगम के अन्तिम लेखे तैयार करते समय यह पाया गया है कि संबंधित वित्तीय वर्ष के व्ययों की सम्पूर्ण सूचना समय पर प्राप्त नहीं होने के कारण उन व्ययों का प्रावधान अन्तिम लेखों में नहीं हो पाता है एवं उक्त व्यय आगामी वित्तीय वर्ष में भुगतान होने के कारण उस वर्ष के व्यय लेखों में दर्ज किए जाते है। जिसके कारण अंकेक्षण दल द्वारा आक्षेप लिए जाते है।

अतः आपको निर्देश प्रदान किए जाते है कि चालू वित्तीय वर्ष 2015–16 से संबंधित व्ययों के वाउचरों को भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2015–16 की समाप्ति से पूर्व (31.03.2016 तक) निगम मुख्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। यदि कोई व्यय कर लिया गया हो जिसके विरूद्ध बिल प्राप्त नहीं हुआ है, तो ऐसे व्ययों की पूर्ण सूचना भी 31.03.2016 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि चालू वित्तीय वर्ष से संबंधित व्ययों का लेखांकन अन्तिम लेखे तैयार करते समय किया जा सकें।

इस कार्य को प्राथमिकता प्रदान करें।

(ओम प्रकाश कसेरा)आई.ए.एस.
प्रबन्ध निदेशक, आरएमएससीएल

प्रतिलिपि निम्न को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ प्रस्तुत है :–

1. निजी सहायक, प्रबन्ध निदेशक, आरएमएससी, जयपुर।
2. कार्यकारी निदेशक (वित्त/गु.नि./प्रोक्यू./ईपीएम/लोजि.), आरएमएससी, जयपुर।
3. सहायक महाप्रबन्धक (आई.टी.), आरएमएससी, जयपुर।
4. रक्षित पत्रावली।

(मेवाराम जाट)
कार्यकारी निदेशक (वित्त)

Letter 2